# कार्यालय,
# लाल बहादुर शास्त्री पराचिकित्सीय कौशल एवं प्रशिक्षण परिषद, लखनऊ।

**पत्रांक सं0:– ल0ब0शा0 / परीक्षा / 2025–26 / 9029** **दिनांकः 16 अप्रैल, 2025**

सेवा में,

**आचार्य / प्रबन्धक**
**ई–लाईफ इन्स्टीटयूट ऑफ साईन्स,**
**ग्राम पोलि, कंकरखेड़ा, मेरठ।**

**विषयः कारण बताओ नोटिस :–**

महोदय,

उपरोक्त विषय को दृष्टिगत रखते हुए आपके संस्थान से यह स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है कि परिषद द्वारा मार्च 2025 में पराचिकित्सीय डिप्लोमा व प्रमाण पत्र परीक्षा का आयोजन किया था जिसके अनुपालन में आपके महाविद्यालय को भी परीक्षा केन्द्र के रूप में नामित किया गया था। मार्च 2025 में पूर्ण परीक्षा की समस्त उत्तरपुस्तिकाऐं विषयवार आपके महाविद्यालय के नोडल अधिकारी द्वारा प्रेषित की गई थी किन्तु परिषद की परीक्षा समिति द्वारा बनाई गई उत्तर पुस्तिका मुल्यांकन समिति ने यह पाया कि डिप्लोमा इन रेडियोग्राफी के सभी छात्रों की उत्तर पुस्तिकाऐं परिषद को प्रेषित नहीं की गई है।

आज दिनांक 16.04.2025 को परिषद की उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन समिति ने आपके नोडल अधिकारी से यह सूचना प्राप्त करने की कोशिश करी कि डिप्लोमा इन रेडियोलोजी की उत्तर पुस्तिकाऐं परिषद को प्रेषित ना करने का क्या वाजिब कारण संस्थान की ओर से रहा है, जिसके सम्बन्ध में आपके संस्थान के नोडल अधिकारी ने उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन समिति के अध्यक्ष को यह कारण बताया कि भूल स्वरूप उत्तर पुस्तिकाऐं परिषद को प्रेषित नहीं की गई है।

इस पूर्ण प्रकरण की जानकारी अध्यक्ष महोदय (लाल बहादुर शास्त्री पराचिकित्सीय कौशल एवं प्रशिक्षण परिषद) जी को दी गई जिसके सम्बन्ध में अध्यक्ष जी द्वारा परीक्षा मूल्यांकन समिति के अध्यक्ष को यह आदेश किया गया है कि दिनांक 17.04.2025 के उपरान्त किसी भी दशा में आपके महाविद्यालय से कोई भी उत्तर पुस्तिका स्वीकार नहीं की जाये तथा प्राचार्य एवं प्रबन्धक की ओर से मय शपथ पत्र एवं स्पष्टीकरण परिषद को उपलब्ध कराने का आदेश अनुपालन में लाया जावे।

अतः उक्त आलोक के सम्बन्ध में आपसे अनुरोध है कि दिनांक 17.04.2025 के सायं 5 बजे तक परिषद को डिप्लोमा इन रेडियोलोजी के छात्रों की उत्तर पुस्तिकाऐं, स्पष्टीकरण मय शपथ पत्र परिषद को दाखिल किया जावे। अन्यथा की स्थिति में छात्रों की अनुपस्थिति दर्ज होने के सम्बन्ध में समस्त जवाबदेही संस्थान एवं उसके पदाधिकारियों की होगी।

भवदीय

A.Giri

**(अभिषेक गिरी)**
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
भारतीय पराचिकित्सीय एसोसिएैशन,
लखनऊ।